तेरे जैसा कोई नहीं | by Kumar Vijay

तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है
खाटू वाले श्याम मैंने तुझको पुकारा है
तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है

दिया जो वचन माँ को अब तक निभा रहा
हारे हुए भक्तों को गले से लगा रहा
बिगड़ा नसीबा तूने हर दम संवारा है
खाटू वाले श्याम मैंने तुझको पुकारा है
तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है
तेरे जैसा कोई नहीं................

तुझको भी दुनिया ने इतना रुलाया है
हारा हुआ दुखियारा तेरे पास आया है
तेरे बिना श्याम कोई अब ना हमारा है
खाटू वाले श्याम मैंने तुझको पुकारा है
तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है
तेरे जैसा कोई नहीं................

रख लो शरण में बाबा वरना टूट जाऊँगा
दिया ना सहारा तूने कहाँ फिर मैं जाऊँगा
चौखट पे तेरी अब तो करना गुज़ारा है
खाटू वाले श्याम मैंने तुझको पुकारा है
तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है
तेरे जैसा कोई नहीं................

तेरी रहमतों से होती खुशियों की बारिशें
चोखानी जाने तू ही पूरी करे ख्वाहिशें
मुझे तो भरोसा बाबा एक बस तुम्हारा है
खाटू वाले श्याम मैंने तुझको पुकारा है
तेरे जैसा कोई नहीं हारे का सहारा है
तेरे जैसा कोई नहीं................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-kumar-vijay/